भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †595
सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

एक विरासत को अपनाएं – अपनी धरोहर अपनी पहचान योजना के अंतर्गत कोंडापल्ली किले को शामिल करना

†595. श्री केसिनेनी श्रीनिवासः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में विशेषकर आंध्र प्रदेश में एक विरासत को अपनाएं-अपनी धरोहर अपनी पहचान योजना के अंतर्गत स्मारकों की सूची क्या है;

(ख) क्या सरकार आंध्र प्रदेश से और स्मारकों को सूची में शामिल करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार कोंडापल्ली किले को एक विरासत को अपनाएं-अपनी धरोहर अपनी पहचान योजना की सूची में शामिल करने का है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): 'एक विरासत को अपनाएं' परियोजना के तहत पूरे भारत में 15 स्मारक मित्रों को सत्ताईस (27) स्थलों और दो (2) तकनीकी हस्तक्षेपों के लिए 29 समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्रदान किए गए हैं।

आंध्र प्रदेश में, 'एक विरासत को अपनाएं' परियोजना के तहत गंडिकोटा किले में सुविधाओं के विकास, उन्नयन और रखरखाव के लिए डालमिया भारत लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

वर्तमान में गंडिकोटा किले सहित 'एक विरासत को अपनाएं' परियोजना के तहत अपनाए गए सभी केंद्रीय संरक्षित स्मारकों को आगे की प्रक्रिया के लिए संस्कृति मंत्रालय/ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को स्थानांतरित कर दिया गया है।

(ख) से (घ): आंध्र प्रदेश राज्य में संरक्षित स्मारकों को 'एक विरासत को अपनाएं' परियोजना के तहत अपनाने या गोद लेने के लिए प्रचारित किए जाने वाले संभावित स्मारकों की सूची में शामिल किया गया है।

'एक विरासत को अपनाएं' परियोजना के तहत, एक संभावित स्मारक मित्र अपनी रुचि को सामने रख सकता है, जिसमें वे बुनियादी सुविधाओं, उन्नत सुविधाओं और तकनीकी हस्तक्षेप आदि को लागू करने के लिए किसी विरासत स्थल/ स्मारक को अपनाने का प्रस्ताव देते हैं।

आज तक, परियोजना के तहत कोंडापल्ली किले में सुविधाओं के विकास, उन्नयन और रखरखाव के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

तथापि, आंध्र प्रदेश के अन्य राज्य संरक्षित स्मारकों के साथ गोद लेने के लिए प्रचारित किए जाने वाले संभावित स्मारकों की सूची में कोंडापल्ली किला शामिल है।

*****